हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 जून 2024

06 हाईवे पर लूट व अपहरण कर फिरोती की मांग...




07 माइनिंग विभाग की कार्रवाई: अवैध मुरम...





किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी

# जिले के 90549 किसानों को 18.59 करोड़ रुपए की राशि हुई हस्तांतरित

प्रधानमंत्री मोदी को जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित कर एलईडी के माध्यम से सुना गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि वितरण दिवस को पूरे जिले भर में किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया गया। ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर वाराणासी में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन सीधा प्रसारण एलईडी पर किया गया, जिसे उपस्थित कृषकों द्वारा देखा एवं सुना गया। योजनान्तर्गत आगर-मालवा जिले के 90549 किसानों को 18.59 करोड़ रुपए सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित हो गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणासी उत्तरप्रदेश से देश के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी की गई। प्रधानमंत्री के उक्त कार्यक्रम का ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मोदी के उद्बोधन सीधा प्रसारण एलईडी पर किया गया, जिसे उपस्थित कृषकों द्वारा देखा एवं सुना गया। योजनान्तर्गत जिले के 90549 किसानों को 18.59 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित हो गई है। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत आगर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, जनप्रतिनिधि भैरूसिंह चौहान, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सर्वेश यादव, एसएलआर प्रीति चौहान, सीईओ जनपद पंचायत मोहनलाल स्वर्णकार सहित जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।








## नलखेड़ा में भी हुआ आयोजन

प्रधानमंत्री सम्मान निधि की 17वीं किस्त किसानों के खाते में डाले जाने के उक्त कार्यक्रम का नलखेड़ा जनपद पंचायत में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण किसानों को दिखाया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पीरुलाल कलसिया, मोहनलाल नागर, बल्लभ प्रसाद पाटीदार सहित कई किसान उपस्थित थे।

## किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त पाकर खुश है कृषक ऊंकारलाल

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जिले के कृषकों के लिए बेहद ही मददगार साबित हो रही है, योजनान्तर्गत एक वर्ष में 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद से किसानों को खेती लागतों को पूरा करने में भरपूर सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के किसानों के खातों में योजना की 17वीं किश्त जारी करने पर जिले के किसानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। तहसील नलखेड़ा के ग्राम लोलकी के रहने वाले कृषक ऊंकारलाल पाटीदार पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किश्त का लाभ पाकर बेहद खुश है, वे कहते है कि योजना ने किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया है, योजना से कृषक अपनी खेती की लागत और तुरंत की जरूरतें पूरी करने में पूर्णतः समर्थ हो गये हैं। वे कहते है कि खेती-किसानी के लिए अब वे किसी सेठ-साहूकार से कर्ज नहीं लेते, योजना में मिलने वाली राशि से खाद-बीज-दवा-उर्वरक व अन्य जरूरतें पूरी करने में बड़ी राहत मिल गई है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं।

# अशासकीय स्कूलों के प्रभारियों को बैठक में दिए जरूरी निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विकासखंड के अशासकीय स्कूलों के प्रभारियों की बैठक में विकास खंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार त्रिवेदी,विकास खंड स्त्रोत समनव्यक चन्दन बाला फाफरिया एवं बीएसी अरुण त्रिवेदी के द्वारा विद्यालय संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बुधवार को आयोजित बैठक में अशासकीय स्कूलों के प्रभारियों को फेल खातों के अपडेशन का कार्य पूर्ण करने,कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र छात्राओं का एमपी टॉस्क पोर्टल पर पंजीयन पूर्ण करने,कक्षा अपडेट कर मैपिंग कार्य पूर्ण करने,शासन की योजनाओं को संचालित करने के लिए शिक्षकों को प्रभारी बनाने व समय सीमा में वरिष्ठ कार्यालय को जानकारी प्रस्तुत करने,शाला में प्रति वर्ष बच्चों की फीस बढ़ाने का कारण प्रस्तुत करने, प्राइवेट प्रकाशन की कोई पाठ्यपुस्तक वितरित नही करने एवं स्कूल से किसी भी बच्चे को गणवेश वितरित नही करने,किसी भी बच्चे को टीसी देने से मना नही करने,प्रवेश पंजी पर किसी भी तरह की कांट छांट नही करने,स्कूल के पास कोई ट्यूबवेल अथवा कुआं हो तो उसे ढकने, स्कूल में व्यावसायिक योग्यता डीएड, बीएड वाले शिक्षकों की ही भर्ती करने जैसे निर्देश प्रदान किये गए।

## पंजीकृत संस्थाओं व विक्रेताओं से ही खाद, बीज खरीदें

नलखेड़ा। आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले के कृषक पंजीकृत संस्थाओं एवं आदान विक्रेताओं से ही खाद एवं बीज खरीदें तथा खरीदी का पक्का बिल अवश्य लें, स्थानीय स्तर पर अपंजीकृत संस्थाओं से किसी प्रकार उर्वरक की खरीदी नहीं की जाएं, यह अपील उप संचालक कृषि विजय चौरसिया ने आगर-मालवा जिले के कृषकों से की है। उप संचालक श्री चौरसिया ने बताया कि आगामी खरीफ सीजन हेतु जिले के गांव-गांव में एजेंट सक्रिय होकर अमानक खाद उर्वरक, बीज बेचने की कोशिश करेंगे तथा किसानों को गांव में ही आकर खाद, बीज की प्री-बुकिंग करवाने आयेंगे, जो कि यह पूरी तरह से गलत है इनसे सावधान रहें, जिससे गुणवत्ताहीन बीज उपलब्ध करवाने तथा अंकुरण नहीं होने पर किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, इसीलिए पंजीकृत संस्थाओं एवं आदान विक्रेताओं से खाद, बीज खरीदे जाएं। उप संचालक चौरसिया ने बताया कि कोई भी एजेंट गांव में खाद एवं बीज का विक्रय करने के लिए आए कृषक इसकी सूचना कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों के मोबाइल नम्बर पर दें सकते हैं।

# पीड़ित ने जनसुनवाई में लगाई गुहार, जेसीबी चलाकर मेरी जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा

**सीहोर**। जिला मुख्यालय की तहसील जावर के ग्राम झिकड़ीखुर्द के बुजुर्ग बेलदार समाज के कृषक हटेसिंह ने सीहोर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में अपने परिजनों के साथ गुहार लगाते हुए आवेदन दिया है कि मेरी वर्षों पुरानी भूमि पर गांव के दबंग गजराजसिंह, अनार सिंह, कमलसिंह, कालूसिंह के द्वारा जेसीबी से मेरी पट्टे की काबिज भूमि पर नाली खोदकर कब्जा कर रहे हैं, मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। यह लोग कहते हैं कि श्मशान घाट के लिए जगह चाहिये, जबकि हमारे द्वारा पूर्व में ही इन लोगों को श्मशान घाट के लिये जमीन दे दी गई है, जिस पर इन लोगों द्वारा बीम कॉलम लगाकर दाह संस्कार हेतु पक्का चबुतरा बना हुआ है, इसके बावजूद भी इन लोगों द्वारा चबुतरे पर दाहसंस्कार नही करते हुऐ हमारी भूमि पर दाहसंस्कार किया जाता है और अब तो इन्होने हद ही कर दी हमारी उपजाऊ भूमि पर कब्जा करते हुए जेसीबी से नाली खोद दी है, हमारे द्वारा आपत्ति ली गई तो यह लोग हमें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बुजुर्ग हटेसिंह ने यह भी कहा है कि इन लोगों ने सन 2006 में भी जमीन हड़पने के लिये काफी विवाद किया था,जिसका मेरे पुत्र द्वारा विरोध किया गया तो उसको मौत के घाट उतार दिया गया, इसी सदमें में मेरी बहु व मेरे मृतक पुत्र की पत्नि की भी मृत्यु हो गई और अब गजराज सिंह व उसके भाई कहते हैं कि तेरे बेटे की तरह तुम लोगों को भी मार डालेगें। उक्त पीड़ित परिवार काफी डरा सहमा है और इनका कहना है कि यदि इनके परिजनों के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार भी यह लोग रहेगें। यदि इनकी जमीन छीन ली जाती है तो वह अपना भरण पोषण कैसे करेंगे। इसी को लेकर पीड़ित हटेसिंह, धर्मेन्द्र, चैनसिंह, सौभालसिंह, सागर सिंह ने जनसुनवाई में गुहार लगाई है कि हमें न्याय दिलाते हुए हमें हमारी भूमि दिलाई जाए।



# एक से 18 जून तक 25.2 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

**सीहोर**। जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः: 08 बजे तक 0.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 0.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0.0, आष्टा में 0.0, जावर में 2.0, इछावर में 0.0, भैरूंदा में 0.0, बुधनी में 0.0, रेहटी में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 01 जून से 18 जून को प्रातः 8 बजे तक 25.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 12.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 18 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 24.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 9.0, आष्टा में 42.0, जावर में 32.0, इछावर में 40.0, भैरूंदा में 24.0, बुधनी में 14.0 तथा रेहटी में 16.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



# घोषणा के साढे तीन वर्ष बाद भी स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया नहीं हुई प्रारम्भ

## खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का नहीं मिल पा रहा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

लगभग साढ़े तीन वर्ष पूर्व तात्कालिक प्रभारी मंत्री द्वारा नगर में एक बहुउद्देशीय स्टेडियम निर्माण की घोषणा की गई थी। लेकिन उक्त घोषणा आज तक मात्र घोषणा ही है। इसके निर्माण की कोई प्रक्रिया अभी तक प्रारम्भ नहीं हो पाई है। स्टेडियम निर्माण नहीं होने से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढने का मौका नही मिल पा रहा है। लगभग साढ़े तीन वर्ष पूर्व 09 जनवरी 2021 को तात्कालिक आगर जिले की प्रभारी मंत्री यशोधराराजे सिंधिया द्वारा नगर में आयोजित एक कार्यक्रम में नगर को बहुउद्देश्यीय स्टेडियम की सौगात देते हुवे इसके लिए एक करोड़ रुपये की राशि की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की गई थी।

उक्त घोषणा के बाद जिले के खेल विभाग द्वारा नगर में शासकीय भूमि की तलाश की गई थी जिसमे श्रीनाथ धाम मंदिर के पीछे की भूमि का चयन कर आरक्षित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उक्त भूमि उचित नही मानते हुवे भूमि का चयन निरस्त कर दिया गया था। तब से लगाकर आज तक खेल विभाग द्वारा बहुउद्देशीय स्टेडियम के निर्माण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

गौरतलब है कि प्रभारी मंत्री की घोषणा के बाद स्थानीय खिलाड़ियों द्वारा खुशियां मनाई गई थी साथ ही यह माना जाने लगा था कि स्टेडियम निर्माण से खेल प्रतिभाओं में और अधिक निखार आएगा और वे राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे। लेकिन खिलाड़ियों व स्थानीय नागरिकों के अरमानों पर खेल विभाग द्वारा स्टेडियम निर्माण की कार्यवाही नही कर कुठाराघात किया है। एक अदद खेल मैदान को तरसते स्थानीय खिलाड़ी एवं आमजन अब यह मानने लगे है कि खेल विभाग के अधिकारियों के कारण उन्हें स्टेडियम से वंचित होना पड़ रहा है। सरकार या सरकार के मंत्री किसी भी प्रकार की सुविधा के लिए आमजन की वाहवाही लूटने के लिए घोषणाएं तो कर देते है लेकिन उसे धरातल पर उतारने के लिए नोकरशाहो से फीडबैक नही लेते है यही कारण है कि ऐसी महत्वपूर्ण घोषणाएं मात्र घोषणा बन कर रह जाती है। जिसके कारण सरकार की बदनामी भी होती है।

अब जबकि उक्त घोषणा को साढे तीन वर्ष होने को आये है, इसे अमलीजामा पहनाने के लिए जनप्रतिनिधियों व सत्तापक्ष के नेताओं को खेल विभाग से तत्काल बहुउद्देशी स्टेडियम निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ करवाई जाना चाहिए जिससे कि स्थानीय खेल प्रतिभाओं के अरमानों को पंख लग सके और वे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर नगर व क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। मामले में जिला खेल अधिकारी शक्ति रावते से चर्चा करने के लिए फोन लगाया गया लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नही किया गया।

## चोरी की नियत से घर में घुसने का प्रयास

**नलखेड़ा**। शासकीय अस्पताल के पीछे स्थित एक घर में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात चार पांच लड़कों द्वारा चोरी की नियत से घुसने का प्रयास किया। जो डायल 100 आने पर भाग गए। संबंधित द्वारा पुलिस थाने पर शिकायती आवेदन दिया गया है। शासकीय अस्पताल के पीछे निवासरत पिंकी पति लखन प्रजापति द्वारा पुलिस थाने पर दिए आवेदन में बताया कि वह अपने घर मे अकेली रहती है, गत रात्रि लगभग डेढ़ बजे उसके मकान का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया जा रहा था। आवाज सुनकर फाटक की छेटी में से देखा तो 4-5 लड़के दिखाई दिए। मेरे द्वारा पड़ोसी गोपाल को फोन लगाया गया। उसके आने पर वे भाग गए। प्रार्थी द्वारा डायल 100 को बुलाया लेकिन आरोपी मौके से भाग चुके थे। उसके बाद तड़के 5 फिर से उसके घर का दरवाजा बजाया जा रहा था। प्रार्थी पिंकी प्रजापत द्वारा संबंधितों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई है।

## सुविधा के लिए बनाए फोरलेन का नहीं हो रहा सही उपयोग, खड़े रहते हैं वाहन

# 42 करोड़ का फोरलेन बनाया, पार्किंग जोन नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

आज तक शहर में वाहनों के लिए कहीं पर भी व्यवस्थित पार्किंग स्थल नहीं बन सका जबकि इसकी बहुत जरूरत है। यातायात सुगम हो, इसके लिए चाणक्यपुरी से चौपाल सागर तक का 8 किमी लंबा फोरलेन बना दिया लेकिन अब इस पर लोग चार पहिया वाहनों को खड़ा कर रहे हैं। हालत यह है कि फोरलेन का सही फायदा ही वाहन चालकों को नहीं मिल पा रहा है। बस स्टैंड, गंगा आश्रम और इंदौर नाका पर इस कदर वाहन खड़े रहते हैं कि यहां से कई बार तो निकलना भी कठिन हो जाता है। शहरवासी एक बड़ी समस्या से जूझ रहे हैं। 45 करोड़ की लागत से फोरलेन तो बना दिया लेकिन कहीं दो पहिया तो कई जगह चार पहिया वाहनों के खड़े करने से परेशानी हो रही है। हालत यह है कि आज तक शहर में कहीं पर भी पार्किंग जोन नहीं बनाया जा सका। यही कारण है कि हर कहीं बेतरतीब वाहन खड़े दिखाई देते हैं। वाहन पार्किंग की समस्या लंबे समय से बनी हुई है लेकिन जिम्मेदारों ने आज तक इसका समाधान नहीं कराया।



### इन जगहों पर हो रही समस्या

**बस स्टैंड**: यहां पर भी दोपहिया वाहनों को इस कदर खड़ा कर दिया जाता है कि फोरलेन की संकरा लगने लगता है। कई बार पुलिस ने यहां पर व्यवस्था बनवाई लेकिन समस्या अभी भी बनी हुई है।

**गंगा आश्रम**: इस क्षेत्र में अस्पताल, पैथालॉजी लैब, मेडिकल स्टोर और डॉक्टरों के क्लीनिक चल रहे हैं। यही कारण है कि यहां पर सुबह से रात तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। अधिकतर मरीजों को चार पहिया वाहनों से लोग लाते हैं। इसके बाद इनकी पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होने से फोरलेन पर इन्हें खड़ा कर दिया जाता है।

**इंदौर नाका**: सबसे बड़ी समस्या यहां पर इसलिए है क्योंकि सड़क किनारे ट्रकों और डंपरों को खड़ा कर दिया जाता है। इससे हमेशा यहां पर हादसों का खतरा बना रहता है। यही नहीं फोरलेन पर ही वाहनों को खड़े कर मैकेनिक इनकी मरम्मत का काम करते हैं। यह काम भी सालों से हो रहा है लेकिन इन वाहनों को यहां पर खड़े होने से नहीं रोका जा सका।

# राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 23 जून को दो पाली में आयोजित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2024 का आयोजन 23 जून को जिला मुख्याल के 06 परीक्षा केन्द्रो पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से सायं 4:15 बजे तक आयोजित होगी। प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित सामग्री जिला कोषालय के दृढ कक्ष से परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने एवं परीक्षा समाप्ति पश्चात परीक्षा केन्द्रों से मुहरबंद सामग्री प्राप्त कर जिला कोषालय के दृढ कक्ष में रखवाने की व्यवस्था के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार अर्पिता मेहता, शा. सुभाष उमावि के आशीष शर्मा, को परीक्षा केन्द्र केन्द्रीय विद्यालय, शा. कन्या महाविद्यालय और शासकीय चन्द्रशेखर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लिए नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्रभारी तहसीलदार श्याम नंदन चन्देले, बीएसी, जनपद शिक्षा केन्द्र के सुरेन्द्र यादव को नूतन बाल विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल, शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्र०-1 और शा. महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल के लिए नियुक्त किया गया है। नियुक्त अधिकारी कर्मचारी 23 जून को प्रातः 7 बजे जिला कोषालय में उपस्थित होकर जिला कोषालय सीहोर के दृढ़ कक्ष से परीक्षा केन्द्रों तक सामग्री पहुंचाने एवं परीक्षा केन्द्रों से मुहरबंद सामग्री लाकर जिला कोषालय के दृढ़ कक्ष में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश उत्सव अंतर्गत बच्चों का किया स्वागत



**चापडा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी में मंगलवार को नवीन शिक्षा सत्र अंतर्गत प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा ज्ञान की देवी मां शारदा और भारत माता का पूजन किया गया। उसके पश्चात नवीन प्रवेशित बच्चों का स्वागत किया गया। अतिथि के रूप में मोहनलाल चौधरी,सोहन राव,राखी राव, निर्मला विश्वकर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा सभी बच्चों का स्वागत और उन्हें चॉकलेट का वितरण किया गया। सभी अतिथियों ने अपने विचार बच्चों के बीच में रखें। प्रधान अध्यापक राकेश यादव ने सभी बच्चों का मार्गदर्शन कर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने का आग्रह किया।

### कार्यालय पर मनाई पवार की पुण्यतिथि




**देवास।** स्थानीय भाजपा कार्यालय पर पूर्व मंत्री व देवास महाराज तुकोजीराव पवार की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान विधायक गायत्रीराजे पवार, जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, जिला प्रभारी रघुनाथ भाटी, महापौर गीता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री पंकज वर्मा, कार्यालय मंत्री मनोहर जाधव, पार्षद गणेश पटेल, नयन कानूनगो, दिनेश पांचाल व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चुनाव जीतने के बाद पहली बार बागली पहुंचे खंडवा संसदीय क्षेत्र के सांसद पाटिल

# नगर आगमन पर सांसद पाटिल का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार खंडवा लोकसभा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल बुधवार को बागली पहुंचे। उनके आगमन पर नगर परिषद बागली में आयोजित कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थको ने उनका स्वागत किया। इस दौरान थाना चौराहे पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव की ओर से सांसद का साफा बांधकर स्वागत किया गया। साथ ही जटाशंकर मार्ग से गुजरने वाली काली सिंध नदी पर नवीन पुल निर्माण व कॉलेज स्टेडियम निर्माण की मांग को लेकर मांग पत्र सांसद पाटिल को दिया गया।
सांसद ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की, बागली विधानसभा से ऐतिहासिक जीत दिलाने पर में सभी मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं। मिडिया ने जब चापडा क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने का प्रश्न किया तो सांसद ने कहा कि इस ओर काम किया जाएगा। संबंधित विभाग अधिकारियों से चर्चा कर प्रयास किया जाएगा की आने वाले समय में क्षेत्र की जरूरत के अनुसार उद्योग स्थापित किया जा सके। आयोजित कार्यक्रम में मंच पर किशोर गुजराती, प्रवीण चौधरी व्दारा 11 किलो की फुल माला से सांसद का स्वागत किया गया।






### सामंजस्य की कमी दिखाई दी

कार्यक्रम के दौरान मंच पर ही पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच आपसी सामंजस्य की कमी दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित जटाशंकर बागली मंडल अध्यक्ष टिकैत प्रताप सिंह को जब उद्बोधन के लिए माइक दिया गया तो अध्यक्ष ने फ्लेक्स में फोटो ना होने के कारण नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा की में लंबे समय से संगठन को नजरअंदाज करने की पीड़ा मन में दबाए हुए था। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि विगत कुछ समय से संगठन को नजरअंदाज किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर परिषद का नाम लेने पर कहा कि यह कार्यक्रम संगठन ने तय किया था, फिर संगठन का नाम क्यों नहीं लिया जा रहा है। इस दौरान देखा गया कि सांसद के सामने श्रेय लेने की होड़ के चलते कार्यकर्ता के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी हैं।इस घटना के दौरान सांसद भी कुछ बोल नहीं पाए। उक्त घटनाक्रम के बाद कार्यकर्ताओ के बीच अंतर्कलह की स्थिति एक बार फिर सामने आई और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई। राजनीतिज्ञों की माने तो भाजपा अब कांग्रेस की राह पर चलने लगी है। बागली में लगातार भाजपा के अंदर मनमुटाव की स्थिति देखने को मिल रही है। पार्टी नेता अपने कार्यकर्ताओं को संभाल नहीं पा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान नप करनावद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, बहादुर सिंह सेंधव, मोतीलाल पटेल,रजत बजाज, मोहनलाल माधन्या, भगवान सिंह कासलीवाल, तेजसिंह ओसारी,राजू बामनिया गोविंद बैरागी, देवेन्द्र गिरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद अमित धूलिया ने किया। आभार कमल यादव ने व्यक्त किया।

### चापडा में सांसद का किया स्वागत

खंडवा लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल चुनाव के बाद बुधवार को पहली बार चापडा पहुंचे। जहां पर नेमावर रोड पर सुनील पुरोहित के नेतृत्व में सांसद का स्वागत किया गया।इस दौरान सांसद ने नगर चापडा से एतिहासिक मतों से जिताने पर मतदाताओं एवं नगर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंडल महामंत्री हरिसिंह सेंधवा, किशोर यादव, शांतिलाल यादव, गंगाराम पाटीदार, आनंदीलाल पाटीदार, विनोद बाबेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाईवे पर लूट व अपहरण कर फिरोती की मांग करने वाले आरोपी धराए

### पुलिस ने किया पांच आरोपियों को गिरफ्तार




**देवास।** बीएनपी पुलिस ने किया खुलासा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हाइवे पर एक व्यक्ति की कनपटी पर पिस्तौल रखकर मारपीट और पैसे मांगने वाले आरोपियों को पुलिस धरदबोचा। फिलहाल पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि दो अन्य आरोपी फरार है। बुधवार को बीएनपी पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि लूट के कुल सात आरोपी है जिसमें से चार को मंगलवार को पकड़ा गया था वही एक आरोपी बुधवार को पकड़ा गया है कुल पांच आरोपी पकड़े गए हैं।

इन्होंने पिछले दिनों हुई एक लूट की वारदात और बाइक चोरी करना भी कबूला है। जबकि दो आरोपी फरार है जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पकड़ाए गए आरोपियों से पुलिस ने एक देशी पिस्टल मय कारतूस व दो बाईक साथ ही हाइवे पर लूट का मश्रूका करीब 23 हजार रुपए व पेट्रोल पंप से चोरी गए 4 आईल की कैन च चोरी की गई दो बाईक जब्त की है। आरोपियों से कुल 4 लाख रुपए का मश्रूका बरामद किया गया है।

### यह आरोपी गिरफ्तार

बीएनपी थाना पुलिस ने कार्रवाई कर लखन उर्फ विशाल उर्फ चुलबुल पिता भेरुलाल निवासी न्यू देवास, गौरव पिता संतोष उम्र 19 निवासी मकान नंबर 149 शक्तिनगर वार्ड क्रमांक 18 थाना हबीबगंज हालमुकाम चंद्रशेखर आजाद नगर, हर्ष पिता राजकुमार जोशी उम्र 18 निवासी प्रेमनगर देवास, मयूर पिता हेमराज योगी उम्र 18 निवासी दुर्गानगरव संदीप पिता राधेश्याम उम्र 18 निवासी चंद्रशेखर आजाद नगर इटावा मल्टी को गिरफ्तार किया गया है।

# भाजपा कार्यालय पर कामकाजी बैठक का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भाजपा की कामकाजी बैठक स्थानीय भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, जिला प्रभारी रघुनाथ भाटी, जिपं अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सोलंकी ने कहा कि संगठन में मप्र हमेशा अग्रणी रहा है। इसी का परिणाम है कि देश में तीसरी बार भाजपा की मोदी सरकार बनी है और कांग्रेस का प्रदेश में सूपड़ा साफ हो चुका है। कार्यकर्ताओं को उन्होंने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया, जिनकी वजह से उन्होंने अपनी ही पिछली बार की जीत का रिकार्ड तोड़ा। वहीं जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने कहा कि संगठन के दिए गए कार्य को करना है। एक पौधा अपनी मां के नाम से प्रत्येक मंडल पर कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें हर कार्यकर्ता अपनी मां के नाम से पौधा लगाएं। इस कार्यक्रम में मोर्चा जिलाध्यक्ष व प्रकोष्ठ प्रमुख भी सहभागिता करेंगे। पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम में एक वृक्ष मां के नाम 23 जून से लेकर 6 जुलाई तक चलेगा। जिसमें बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने का टारगेट है। 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 25 जून को आपातकाल दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसे लेकर पूरे जिले में प्रत्येक मंडल व बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पंकज वर्मा ने किया व आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्रसिंह सेंधव ने माना। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, महामंत्री मनीष सोलंकी, पंकज वर्मा, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, फूलसिंह चावड़ा, गौतमसिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष विश्वास उपाध्याय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राम सोनी, मनोहरसिंह पंवार, कचरूलाल सांवले, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवराजसिंह गोहिल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी झालानी उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# रग्बी मध्य प्रदेश नेशनल कैंप का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

रग्बी फुटबाल एसोसिएशन मध्य प्रदेश के सचिव अबरार अहमद शेख ने बताया कि सेन थाम एकेडमी भोपाल रोड़ देवास में 15 से 17 जून तक रग्बी प्री नेशनल जूनियर और सीनियर नेशनल कैंप दरग्बी फुटबाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया। कैंप में प्रदेश के 80 रग्बी खिलाडिय़ो ने भाग लिया। दो दिनों तक चले इस कैम्प में सिलेक्ट्रो द्वारा 48 खिलाडिय़ो का चयन किया गया,जिसमे जूनियर बालिका,जूनियर बालक,सीनियर पुरुष,सीनियर महिला टीमों का गठन किया गया। सभी गठित टीमो में 12-12 खिलाड़ी रहेगे।
जिनके साथ एक कोच और एक टीम मैनेजर रहेगे। सभी टीमें अपने पुणे में आयोजित नेशनल रग्बी चैम्पियनशिप में भाग लेंगी। समापन पर प्रेस क्लब सचिव चेतन राठौड़, सैन थाम एकेडमी के वरिष्ठ पुनीत सर, पावन पाटिल जिला रोलबॉल सचिव नेचयनित खिलाडिय़ो को बधाई दी। अतिथियों का स्वागत टीमों के कप्तान द्वारा किया गया। चैम्पियनशिप दिनांक जूनियर बालिका 18 से 20 जून कोच आराधना बोरासी, मेनेजर संदीप जाधव,जूनियर बालक 24 से 26 जून कोच संदीप जाधव, मेनेजर सचिन पुर्वेया,पुरुष टीम 28 से 30 जून 2024 कोच संदीप जाधव, मेनेजर अमित कुमार, महिला टीम 2 से 4 जुलाई 2024 कोच अर्जुन पाटीदार, मेनेजर संदीप जाधव भूमिका में रहेगे। सुनील मालवीय, देवराज सांगते, साक्षी चौहान, उदय भावसार, रैना कौशल, हर्षिता कौशल, कुमकुम सोलंकी, लखन योगी, विशाल कुमार सीहोर, संजय बन्नोद खंडवा मौजूद रहे और कैम्प में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अश्विनी जाधव, अर्पणा यादव, किरण राव, खुशबू पाटिल, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रितिक मुकाती,ऋतुराज सिंह, तन्मय मेहता, शैलेंद्र चंद्रवंशी हार्दिक मंडलोई ने खिलाडिय़ो बधाई दी।

# हिन्दू संगठन ने मवेशी काटने के मामले में प्रकरण दर्ज करने की मांग



**देवास।** बीएनपी थाने पहुंच हिन्दू संगठन के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमरपुरा क्षेत्र में एक मवेशी के काटे जाने के बाद क्षेत्र की सडक़ें खून से पटी नजर आई। उसके बाद मौके पर पहुंचे हिन्दू संगठन के लोगों ने गोवंश के काटे जाने की आशंका जताकर मामले में थाना बीएनपी पुलिस से जांच कर आरोपी पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है। सुबह बीएनपी थाने पर बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन के लोग पहुंचे और विरोध जताया। विश्व हिन्दू परिषद जिला गोरक्षा प्रमुख रमेश कौशल ने बताया कि सुबह हमें सूचना मिली थी कि अमरपुरा क्षेत्र में गौवंश कटा है। वहां के वीडियो मिले हैं। नालियों में खून बह रहा है। पुलिस भी मौके पर पहुंची थी पुलिस का कहना है कि पाड़ा कटा है लेकिन हमें शंका है कि गोवंश कटा है। इसकी जांच होना चाहिए। जहां खून बह रहा है वह मार्ग मंदिर की तरफ जाता है। जिसके कारण हिन्दू समाज की भावना आहत हो रही है। पुलिस एक आरोपी को लेकर थाने पहुंची है। आरोपी के पुराने रिकार्ड निकालने के साथ आरोपी पर प्रकरण दर्ज कराने की मांग को लेकर हम बीएनपी थाने पहुंचे हैं।

### कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि जागरण समूह का किसानों के लिए हुआ संयुक्त कार्यक्रम

# समृद्ध किसान उत्सव व खरीफ कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कृषि विज्ञान केन्द्र देवास में कृषि जागरण समूह एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में समृद्ध किसान उत्सव एवं खरीफ कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ए.के.बड़ाया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई सही समय पर तथा बीजों को फफूंदीनाशक दवा से उपचारित करने के पश्चात ही सोयाबीन की बुवाई करें। साथ ही उन्होंने किसानों को उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे कुछ क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती को अपनाये जिससे कि लागत में कमी के साथ-साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रह सके।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के.एस.भार्गव ने किसानों से कहा कि यदि वे रेज्ड बेड तकनीक अथवा ब्रॉड बेड फरो तकनीक से सोयाबीन की बुवाई करते हैं तो अधिक एवं कम वर्षा की स्थिति में भी वे अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. महेन्द्र सिंह ने सोयाबीन की विभिन्न किस्मों तथा अन्य खरीफ फसलों के उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने किसानों को समन्वित खरपतवार प्रबंधन के साथ समय-समय पर बदल-बदल कर खरपतवारनाशी का प्रयोग करने की सलाह दी। साथ ही खरपतवारनाशियों के प्रयोग में आने वाली सावधानियों की विस्तृत चर्चा की।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनीष कुमार ने सोयाबीन के बीज उपचार की सही विधि के बारे चर्चा की तथा समन्वित कीट प्रबंधन को अपनाने की सलाह दी।उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. निशिथ गुप्ता ने सोयाबीन के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों जैसे सब्जी, मसाला फसलें एवं फल बगीचे लगाने की किसानों को सलाह दी। जिससे कि वे कम क्षेत्र से अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें एवं अपनी आय में वृद्धि कर सकें।कार्यक्रम में जिले के उन्नतशील कृषक जगदीश नागर, नारायण सिंह, सागर पाटीदार, लक्ष्मीनारायण तथा सत्यनारायण पटेल ने कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में जिले के 35 प्रगतिशील कृषकों को कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में लगभग 300 कृषकों के साथ-साथ कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं ने भी भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र की वैज्ञानिक नीरजा पटैल तथा आभार डॉ. भार्गव द्वारा किया गया।

# ग्रामीण क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब, नहीं हो रही कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा

ग्रामीण क्षेत्र में बिकने वाली अवैध शराब पर शिकायत के बाद भी अंकुश नहीं लग पा रहा है। वास्तविक स्थिति देखी जाए तो प्रशासन जिम्मेदार ठेकेदारों के सामने बेबस नजर आ रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारी जानकारी होने के बाद भी इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं, जिसका दुष्परिणाम ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

करनावद क्षेत्र में हर गली मोहल्ले व किराना दुकानों पर डायरी के नाम पर धड़ल्ले से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। आसानी से शराब मिलने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोग शराब के आदि हो रहे हैं, और इसी के चलते क्षेत्र में विवाद भी हो रहे हैं, और कई बार बड़ी घटनाएं भी घटित हो चुकी है। लेकिन जिम्मेदार आबकारी विभाग, पुलिस विभाग व जनप्रतिनिधियों को इसकी कोई परवाह नहीं है, सभी अपना हित साधने में लगे हैं।

ठेकेदार बड़े पैमाने पर अवैध रूप से डायरी के नाम पर शराब का व्यापार कर रहे हैं। लेकिन आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने शराब से भरी गाड़ियों को रोकने की हिम्मत नहीं की। उसी का परिणाम है, कि शराब ठेकेदार गुंडागर्दी के साथ खुले आम अपना कारोबार चला रहे है।इस संबंध में आबकारी निरीक्षक प्रेम यादव से कई बार सम्पर्क करना चाहा लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## खबर संक्षेप

### श्री वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ ने किया पौधरोपण

**आष्टा।** श्री वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ मुम्बई,म प्र के प्रदेश अध्यक्ष पी एल बैरागी के जन्मोत्सव पर, अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज आष्टा ने मनोहर बैरागी के निज निवास पर पी एल बैरागी का माला, शाल, श्री फल, व साफा बांधकर स्वागत किया। तदुपरान्त बाबा रामदेव मन्दिर प्रांगण में पौधारोपण किया। इस अवसर पर महंत भवानी दास बैरागी तिलावद, अखंड श्री वैष्णव बैरागी समाज आष्टा के संयोजक डा दुर्गा दास बैरागी खाचरोद, संयोजक श्री राम दास बैरागी अरनिया राम, महंत बाबू दास बैरागी नर्पाखेडी, महंत अधिकारी हरि दास बैरागी मुगली, तहसील अध्यक्ष मुकेश बैरागी, संयोजक ओम बैरागी, संयोजक निर्मल बैरागी, रामानंदाचार्य जयंती अध्यक्ष दिनेश बैरागी, संयोजक कन्हैया बैरागी आष्टा, सेवा संघ जिला अध्यक्ष देवास के डा राजेश बैरागी, अतुल बैरागी पटाडिया नजदीक,सेवा संघ जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ निलिमा बैरागी,नगर अध्यक्ष मनोहर बैरागी तहसील युवा अध्यक्ष कृष्ण दास बैरागी, कोषाध्यक्ष संतोष वैष्णव, उपाध्यक्ष राजेश बैरागी, विनोद बैरागी, महेश बैरागी आष्टा, धर्मेन्द्र बैरागी झरखेडी, तहसील उपाध्यक्ष राहुल बैरागी, सचिन बैरागी सीहोर, पुजारी संघ अध्यक्ष विष्णु दास बैरागी, तहसील नगर रवीन्द्र वैष्णव, तहसील युवा उपाध्यक्ष पवन बैरागी, सुनील बैरागी मुगली,धर्मेन्द्र बैरागी झरखेडी, युवा उपाध्यक्ष राहुल बैरागी मुगली रोड, गौवर्धन दास बैरागी अरोलिया, बनवारी दास बैरागी भोपाल, राजेन्द्र बैरागी सिद्दीकगंज,भविष्य वैष्णव, वेदान्त वैष्णव,शाशवत वैष्णव सहित अन्य उपस्थित हुए।

### कन्नौद रोड की बजरंग कॉलोनी में स्थित सोनी लॉज में लगी भीषण आग

# दुकानों में रखा सामान जलकर खाक दूसरी मंजिल से कूदकर बचाई जान

जिले की दमकलों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

बीती रात को कन्नौद रोड बजरंग कालोनी स्थित सोनी लॉज में भीषण आग लग गई!जिसके चलते सोनी परिवार की दो दुकानों में रखा लाखों रूपए का सामान जलकर खाक हो गया। वही ऊपर दूसरी मंजिल पर सो रहे सोनी परिवार के सदस्यों और बच्चो ने ऊपर से कूदकर जान बचाई। देर रात लगी भीषण आग पर बड़ी मशक्कत से काफी देर में आग पर काबू पाया गया। वही आग इतनी भीषण थी की दुर दुर से आग की लपटे दिखाई दे रही थीजानकारी अनुसार आग लगने से निकलेश सोनी निक्कू, गुलशन सोनी की दुकानों में रखा लाखों रूपए सामान जलकर खाक हों गया।

#### लॉज में ही निवास और दुकानें

सोनी परिवार का निवास और व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी सोनी लॉज में ही था। छोटे भाई निक्लेश सोनी की कार डेकोरेशन और गुलशन सोनी की मोबाईल एसेसिरिज की होल सेल की दुकान थी, आग लगने से दोनो भाईयो की दुकान में रखा लाखो रुपए का सामान आग से तबाह होने के कारण सोनी परिवार को बडा आर्थिक नुकसान हुआ। वही निवास भी एक ही जगह होने से घर गृहस्थी के समान फ्रिज, कूलर, वाशिग मशीन सहित अन्य सामान भी आग की चपेट में आया। आपको बता दे की रहवासी इलाका होने के चलते आग लगने के कारण आसपास के मकानो में दहशत का माहौल बना। आग पर आष्टा सहित कोठरी, सिहोर, जावर की दमकलो की मदद से काबू पाया गया। गौरतलब है की महज कुछ दिनो पूर्व ही अशोक सोनी के पिता और निक्लेष सोनी, गुलशन सोनी के दादा किशन कैप्टन सोनी का निधन हुआ था। जिनका रसोई नुक्ता का कार्यक्रम था। जहां सोमवार शाम से मेहमानों का आना शूरू हुआ था। वही सुबह भी मेहमानों का आना जारी रहा। उक्त घटना देर रात लगभग 3



बजे की घटना बताई जा रही है।

#### दूसरी मंजिल से कूदकर बचाई जान

बीती रात को सोनी लॉज में लगी आग इतनी भीषण थी की घर में सो रहे सोनी परिवार ने दूसरी मंजिल से कूदकर और बच्चो को निचे खडे पड़ोसियों की गोद में फेककर जान



बचाई। इस घटना में भाई गुलशन सोनी को रात में अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। वही राहत भरी बात यह है की इस घटना में कोई जनहानि नही हुई। वही सुबह तहसीलदार पंकज पवैया ने पटवारी के साथ मोके पर पहुंच कर नुक्सान का जायजा लिया। वही आग लगने का कारण अज्ञात है जिसकी जांच की जा रही है।

## बिना फॉर्मासिस्ट के संचालित हो रहा था मेडिकल

### एप्पल हॉस्पिटल का है मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

शनिवार 15 जून को जिस एप्पल हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन ने छापा मारा था, वहां पर अस्पताल के अंदर जो मेडिकल संचालित हो रहा था उस पर लाइसेंस धारी व्यक्ति नहीं था । बिना लाइसेंस धारी व्यक्ति मेडिकल को संचालित कर रहे हैं। लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी धृतराष्ट्र बने हुए हैं या फिर सेटिंग से सारा कार्य चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एप्पल हॉस्पिटल के अंदर मैक्स मेडिकल पर लाइसेंस धारी युवक नहीं था, जबकि इस मेडिकल का लाइसेंस जावेद मंसूरी पिता इकबाल खान मंसूरी के नाम से है। जो युवक मेडिकल पर था वह प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखकर वहां से भागने का प्रयास कर रहा था। एप्पल हॉस्पिटल के डायरेक्टर अरुण वर्मा ने जांच टीम को बताया कि 8 हजार रुपए में इंदौर से महिला चिकित्सक पल्लवी आष्टा आती है। हमारे अस्पताल में उपचार हेतु। डॉ मोहसिन पटेल, डॉ राजेश सेठिया, निश्चेतना के आकांक्षा बिकरोल को आवश्यकता पड़ने पर बुलाया जाता है। शिकायत बाक्स नहीं, डॉक्टरों की सूची नहीं।

### संबल योजना अन्तर्गत वितरित की राशि



**कोठरी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक कूपरचन्द्र पिता फुलजी निवासी वार्ड क्रमांक 04 की धर्म पत्नि सुलोचना बाई पति कपूरचन्द्र की मृत्यु उपरांत दिनांक 18.06.2024 को नगर परिषद कोठरी अध्यक्ष महोदय नगीना राधेश्याम दलपति एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेन्द्र कुमार जाटव वार्ड 14 के पार्षद सीमा जगदीश मेंचन द्वारा 5000/- की अन्त्योष्टि सहायता राशि का वितरण किया गया।


### नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**आष्टा।** शासकीय माडल उमावि आष्टा में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियो के साथ उनके पालक भी उपस्थित रहे ।संस्था प्राचार्य सी एल पेठारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प माला अर्पित की और नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का पुष्प माला पहनाकर विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश दिया और माननीय मुख्य मंत्री जी मध्यप्रदेश के नेतृत्व में माननीय शिक्षामंत्री म.प्र. शासन द्वारा अभिभावकों के लिए प्रेषित संदेश को सभी को प्रदान की । इस अवसर पर अनेक पालकगण सभी स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## माइनिंग विभाग की कार्रवाई: अवैध मुरम का खनन व परिवहन करते दो जेसीबी व 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदपुर/दोराहा




सीहोर जिले में अवैध खनन व परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। माफिया सभी नियमों को ताक पर रखकर अवैध तरीके से खनन कर परिवहन करने से बाज नहीं आ रहे है। सम्बंधित विभाग भी सिर्फ खानापूर्ति की कार्रवाई कर इतिश्री कर देता है। लेकिन माफिया पर कठोर कार्रवाई नही होने के चलते हौसले बुलंद है।

मामला जिले के अहमदपुर का है। जहां बीती देर रात्रि को सीहोर माइनिंग विभाग ने काली रेत का खनन व परिवहन करते 2 जेसीबी तथा 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। सभी जब्त किए गए वाहनों को अहमदपुर थाने में पुलिस की निगरानी में खड़ा किया गया है। हालांकि विभाग की कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मच गया। बता दें कि माफिया सीहोर जिले के अहदमपुर थाना क्षेत्र में पार्वती नदी से खनन व परिवहन का सिलसिला लगातार जारी रहता है। कार्रवाई तो मात्र दिखावा है, यह अवैध खनन व परिवहन का खेल माइनिंग विभाग के अधिकारियों की संरक्षण में चल रहा है। क्योंकि विभाग आने से पूर्व ही माफिया सर्तक हो जाते है और मैदान छोड़ देते है। यही कारण है कि माफिया को कही ना कही माइनिंग विभाग का संरक्षण प्राप्त है। या फिर मिली भगत से अवैध खनन व परिवहन का खेल चल रहा है। वर्षो से जमे माइनिंग विभाग में इंस्पेक्टर संतोष सूर्यवंशी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते है। माइनिंग इंस्पेक्टर कार्रवाई तो करते है लेकिन सिर्फ खानापूर्ति का इतिश्री कर दी जाती है। कार्रवाई की जानकारी हेतु मीडिया द्वारा दूरभाष के जरिए जानकारी लेना चाही जाती है तो वह फ़ोन रिसीव नही करते।

अहमदपुर थाना प्रभारी अविनाश भोपले से इस संबंध में जानकारी लेना चाहा तो उनका कहना है कि माइनिंग विभाग ही आगे की जानकारी दे पाएगा माइनिंग विभाग ने पुलिस अभी रक्षा में यहां पर पकड़े गए ट्रैक्टर ट्राली और जेसीवी मशीन डंपरों को खड़ा किया है। क्षेत्र में खनन लगातार जारी है, इससे पहले भी कई बार अवैध खनन को लेकर वाहनों को जप्त किया गया है लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण खनन का काम लगातार क्षेत्र में जारी रहता है।

## नदियां हैं तो जीवन है, उनका संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य है: रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



संपूर्ण प्रदेश भर में 5 से 16 जून तक जल एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जल गंगा अभियान चलाया जा रहा था, जिसका आज गंगा दशहरा तक के पावन अवसर पर समापन हुआ। नगरपालिका द्वारा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य, अनुविभागीय अधिकारी स्वाति उपाध्याय मिश्रा, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, सुभाष नामदेव, तेजसिंह राठौर की विशेष आतिथ्य में नगर की जीवन दायिनी मां पार्वती नदी की विधि-विधान, मंत्रोच्चार के साथ पूजा-आरती की गई। वहीं चुनरी भी मां पार्वती नदी को अर्पण की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि जल गंगा अभियान के तहत जहां नगर के नालों-नालियों की साफ-सफाई की गई, वहीं नगर के जलस्त्रोतों का संरक्षण व संवर्धन कार्य भी नगरपालिका द्वारा किया गया। साथ ही कुआं-बावड़ी की सफाई कार्य किया गया, वहीं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बड़ी संख्या में पौधों का रोपण कार्य भी संपन्न किया गया। श्री मेवाड़ा ने कहा कि हमारे देश में नदियों को देवी मानकर उनकी पूजा और आरती की जाती है। अधिकतर हिंदू तीर्थ स्थान नदियों के तट पर ही स्थित है। हम गंगा दशहरा या नर्मदा जयंती इसलिए मानते हैं, ताकि इन नदियों की हमारे जीवन में उपयोगिता और महत्व को हम समझ सकें। जब मां गंगा धरती पर आई, तब यहां की बंजर धरती उपजाऊ हुई और हर क्षेत्र में हरियाली छाई, तभी से यह गंगा दशहरा पर्व मनाने की शुरूआत हुई।

गंगा दशहरा का पर्व गंगा नदी की उत्पत्ति से जुड़ा पर्व है। नदियां हैं तो जीवन है, उनका संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य है। वनों से नदियां और नदियों से वनों का गहरा जुड़ाव है। इसी को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार ने इस अभियान की शुरूआत की है। प्रदेश सरकार की यह एक सराहनीय पहल है, परंतु जल संवर्धन तभी संभव जब हम सभी हमारी जीवन दायिनी मां पार्वती नदी सहित अन्य जलस्त्रोतों का संरक्षण कर अपना सहयोग दे। इस अवसर पर तहसीलदार मुकेश सांवले, प्रभारी मुख्य नपा अधिकारी प्रमोद साहू, पटवारी वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, रमेश यादव, गबू सोनी, जगदीश वर्मा, नारायण सोलंकी, सुभाष सिसौदिया, महेन्द्र पोसवाल, भगवतशरण लोधी, पार्वती शर्मा, प्रहलाद वर्मा, कैलाश माली, आशीष बैरागी, प्रमोद श्रीवास्तव, राकेश विश्वकर्मा, रोहित सोनी, अरूण विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण, कर्मचारीगण मौजूद थे।

## सौरभ जैन शीतल बने होटल व्यापारी संघ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



व्यापारी संगठन होटल व्यापारी की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे सौरभ जैन शीतल को होटल व्यापारी संघ नवीन अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया। जानकारी अनुसार शहर के होटल व्यापारी व्यापारी संघ ने एक महत्वपूर्ण बैठक मुकेश जैन के निवास में बुलाई जहां शहर के तमाम होटल व्यापारी मोजूद रहे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष ने आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद संघ के नवीन अध्यक्ष के लिए सौरभ जैन का नाम रखा गया। जिसमें सभी मोजूद सदस्यों ने सर्व सम्मति से सौरभ जैन के नाम सहमति जताते हुऐ होटल व्यापारी संघ का नया अध्यक्ष मनोनित किया। सभी ने नव नयुक्त अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल का फुल माला पहनाकर स्वागत सम्मान कर बधाई शुभकामनाए दी। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ धनरूपमल जैन ने की। बैठक में मुकेश जैन, नरेश लक्ष्मी, दिलिपि विशिष्ट, नरेश खत्री, मुकेश मेवाड़, नानू जय दुर्गा, लोकेंद्र वशिष्ट, स्वरूप बीकानेर, कैलाश जय धर्म राज, भानु मेवाड़, दीपक मेवाड़, परमानंद विश्वकर्मा, स्नेहलता अशोक शीतल, किशोर जी वशिष्ट, पवन श्री श्रीमाल, सुनील मेवाड़ा मौजूद रहे ।

### चल रहा दस दिवसीय मुनिश्री भूतबलि सागर शिक्षण, संस्कार शिविर

## व्रत अंगीकार कर व्रतों का पालन करें: संजय भैय्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शुक्रवार 14 जून से मुनिश्री भूतबलि सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर चल रहा है। बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी के पावन सनिध्य में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं द्वारा धर्म लाभ लिया जा रहा हैं । शिविर की जानकारी समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने देते हुए बताया कि बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी वाले ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को व्रत अंगीकार करके व्रत का पालन अवश्य करना चाहिए।जिससे काफी पुण्य अर्जन होता है। मनुष्य भव अनेक योनियों में भ्रमण करने के पश्चात मिला है।

मंगलाचरण में सिद्धों को नमस्कार किया गया है। यह इष्टोपदेश ग्रन्थ भव्य जीवों के लिए लिखा गया है। इष्टोपदेश ग्रन्थ में संस्कृत के 51 छन्द हैं । इसका लक्ष्य सिद्ध बनना है ,जब तक कर्म रहेंगे तब तक शुद्ध अवस्था को प्राप्त नही किया जा सकता है।सम्पूर्ण कर्मो के अभाव होने पर जिनके शुद्ध स्वभाव की प्राप्ति हो गई है वे ही सकल परमात्मा कहलाते है।परमात्म दो प्रकार के बताए गए है सकल ओर निकल। बाल ब्रह्मचारी संजय भैय्या पठारी वाले ने आगे कहा जो शरीर सहित है वे सकल परमात्मा ओर जो शरीर से रहित है वे निकल परमात्मा होते है।अगर आपको सिद्ध ओर शुद्ध बनना हो तो कर्मो का कचरा हटाना होगा,कर्मो को नष्ट करना पड़ेगा तभी शुद्ध बनकर आत्म कल्याण करेंगे।विअवृति रहकर नरक में जाना अच्छा नही होता,व्रत अंगीकार कर व्रतों का निरतिचार पालन कर अपने मनुष्य भव को सार्थक करना चाहिए।अपनी आत्मा को शुद्ध बनाना है तो व्रतों का पालन करना होता है,पांच पापो का पूरा त्याग करना महाव्रत है।वर्तमान काल मे मोक्ष नही होता, उससे अच्छा है, स्वर्ग में जाकर आगे काल का इंतजार करना चाहिए ,नरक में जाकर इंतजार नही करना।

## स्कूल चलें अभियान के तहत शाला में आने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खाचरोद




मंगलवार को शासकीय हाई स्कूल रोला गांव, प्राथमिक शाला आवली खेड़ा, प्राथमिक शाला नौगांव, माध्यमिक शाला खाचरोद, प्राथमिक शाला खाचरोद सहित हाई स्कूल पगारियाहट आदि स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां संस्था के प्राचार्य व हेड मास्टरों द्वारा सभी कक्षा के विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्कूल शिक्षा मंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल चले अभियान के तहत शाला में आने के लिए प्रेरित किया गया वही सभी स्कूलों में छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल रोल गांव संस्था प्राचार्य महेश वर्मा, प्राथमिक शाला आवली खेड़ा हेड मास्टर बद्री प्रसाद वर्मा, प्राथमिक शाला नौगांव हेड मास्टर सोभाल सिंह जायसवाल, हाई स्कूल पगारिया हॉट संस्था प्राचार्य इलियास खान, माध्यमिक अवली खेड़ा, लखन सिंह ठाकुर प्राथमिक शाला खाचरोद, राणा मैडम माध्यमिक शाला खाचरोद, बैरागी मैडम, शिक्षक हरि सिंह पैरवाल, गंगाराम मालवी, भारत महेश्वरी, अभय सिंह ठाकुर, राकेश सोलंकी, कैलाश चंद्र रेकवाल, किरण परमार, मृणाल मंजरी मिश्रा, तेज सिंह ठाकु, शंकर सिंह ठाकुर, दरियाव सिंह आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## जनशिक्षक अपने स्तर से करवाते हैं पढ़ाई की व्यवस्था या रखते हैं अतिथि

# राजगढ़ में 20 से अधिक ऐसी शालाएं जिनमें पढ़ाने के लिए शिक्षक ही नहीं!

## उधर, शहरी क्षेत्र के स्कूलों में पढ़ा रहे हैं आवश्यकता से अधिक शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे बड़ी विडंबना कहा जाएगा जहां शहरी क्षेत्र के स्कूलों में अतिशेष या दूसरे शब्दों में कहें तो आवश्यकता से अधिक शिक्षकों की भरमार है। वहीं, जिले के ग्रामीण अंचल के स्कूलों की बात करें तो पूरे जिले के विभिन्न ब्लॉकों में लगभग दो दर्जन ऐसी शालाएं हैं जहां बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की व्यवस्था ही विभाग नहीं कर पाया है।

शिक्षक विहीन शालाओं में दर्ज बच्चों की पढ़ाई सतत रूप से जारी रखने वहां के जनशिक्षकों द्वारा अपने स्तर से व्यवस्था बनाई जाती है। इन स्कूलों में आसपास के अन्य स्कूलों के शिक्षकों को भेज दिया जाता है जहां एक या दो शिक्षक पहले से ज्यादा हैं। लेकिन, अतिशेष वाली शालाओं के शिक्षकों को स्थाई रूप से शिक्षक विहीन शालाओं में भेजने के बारे में विभाग गंभीर नहीं है। जब बात स्थाई शिक्षकों को इन शिक्षक विहीन शालाओं में भेजने या पदस्थ करने की आती है तो विभाग के आलाधिकारी अतिथि शिक्षकों से यहां अस्थाई व्यवस्था करवा देते हैं। इस साल में अतिथि शिक्षकों से ही शिक्षक विहीन स्कूलों में पहुंचाए जाने की प्रक्रिया विभाग द्वारा प्रचलित है।

### सर्वाधिक आवश्यकता राजगढ़ ब्लॉक में

फोरे-फोरे तोर पर देखा जाए तो राजगढ़ जिले के विभिन्न ब्लॉकों में राजगढ़ ब्लॉक में शिक्षकों की आवश्यकता सर्वाधिक है। 24 में से अकेले राजगढ़ ब्लॉक में ही 15 शालाएं शिक्षक विहीन जैसी हैं। राजगढ़ की कन्या शाला एवं ड्योढ़ी स्कूल में शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की बहुएं, बेटियां, महिलाएं पढ़ा रही हैं। इन स्कूलों में पूर्व से शिक्षकों तय मात्रा में पदस्थापना होने के बावजूद मिलीभगत से यहां अतिशेष वाली स्थिति सालों से बनी हुई है।

### मिलीभगत से बने हैं ऐसे हालात

दरअसल, शहरी क्षेत्रों में शिक्षकों की भरमार होने का प्रमुख कारण शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इन शिक्षकों या इनके परिजवार जनों की मिलीभगत साफ जाहिर है। मुख्यालय होने की वजह से राजगढ़ के शहरी स्कूलों में ही सर्वाधिक शिक्षकों की भरमार है। ग्रामीण क्षेत्रों में जाने से बचने इन शिक्षकों ने विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों से मिलकर अपने को शहरी शाला में पदस्थापित करवा रखा है।

### इनका कहना है...

संकुल प्राचार्यों को बोलकर स्थानीय स्तर पर ज्यादा संख्या वाले स्कूलों से शिक्षक विहीन स्कूलों में भेजने के निर्देश दिए हैं। अतिशेष वाला मसला भोपाल स्तर से निराकृत हो पाएगा। वैसे अतिथि शिक्षकों को रखने की प्रक्रिया भी चल रही है।

**- देवेंद्र रघुवंशी,** जिला शिक्षाधिकारी, राजगढ़




### जाने कहां कितनी शालाएं शिक्षक विहीन

| ब्लॉक | | शिक्षक विहीन स्कूल |
|---|---|---|
| - राजगढ़ | : | जीपीएस पाटड़ी खुर्द, जीपीएस किला, जीपीएस मोतीपुरा, जीपीएस गुराड़खेड़ा, जीपीएस देहरा, जीपहीएस कल्पोनी, जीपीएस महुआबे, जीपीएस कुषलपुरा, जीपीएस छुवालड़िया, जीपीएस प्रेमपुरा, जीपीएस छायन, जीपीएस पाटना, जीपीएस बाकपुरा |
| - ब्यावरा | : | जीपीएस खूचनी, जीपीएस हरिनाथपुरा |
| - नरसिंहगढ़ | : | जीपीएस काछीपुरा, जीपीएस बिजोरी, जीपीएस बारोड़ी |
| - खिलचीपुर | : | जीपीएस सिंगनपुर, जीपीएस दुर्गापुरा |
| - सारंगपुर | : | जीपीएस चांदनी जागीर |

## सड़क हादसे में युवक की मौत



**सारंगपुर।** सारंगपुर निवासी युवक की बीती रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर घायल हो गया। जानकारी अनुसार नागदा-महिदपुर रोड़ पर रुपेटा रेलवे फाटक के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक स्कूटी बेकाबू होकर फिसल गई। हादसा रात करीब 3 बजे हुआ जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सारंगपुर निवासी शुभम पिता संतोष कतीया उम्र 25 वर्ष हाल मुकाम गणेश कॉलोनी उज्जैन अपनी एक्टीवा गाड़ी पर अपने मामा के लड़के के साथ महिदपुर की ओर जा रहा था। उसके साथ दूसरी बाइक पर 3 अन्य दोस्त भी जा रहे थे। इस दौरान रुपेटा रेलवे फाटक के पास रात करीब 3 बजे शुभम की स्कूटी बेकाबू होकर फिसल गई। हादसे में शुभम की रेलिंग से टकराने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके पीछे बैठा अन्य युवक घायल हो गया। घटना की जानकारी दूसरी बाइक पर सवार शुभम के दोस्त चेतन, सुनील और विशाल ने पुलिस को दी। इसके बाद घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच कर रही है।

### अधिकारियों ने दिए समस्या निराकरण के निर्देश

## चुनाव उपरांत हुई जनसुनवाई में समस्या लेकर पहुंचे 161 आवेदक



**राजगढ़।** लोकसभा चुनावों की आचार संहिता प्रभावी होने के बाद आमजनों की समस्याओं, कार्यों इत्यादि के संबंध में होने वाली जनसुनवाई को स्थगित कर दिया गया। अब चुनाव संपन्न होने के बाद जिला स्तरीय जनसुनवाई पिछले हफ्ते से पुनः आरंभ करवा दी गई है।

मंगलवार को कलेक्टोरेट सभागृह में हुई सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों, ग्रामों से 161 लोगों, आवेदकों ने पहुंचकर अधिकारियों को अपनी-अपनी समस्याएं कार्य बताए। इसके साथ ही समस्याओं का जल्द से निराकरण करवाने का आगृह लोगों द्वारा किया गया। अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र सिंह दांगी, रत्नेष श्रीवास्तव ने आमजनों की समस्याएं सुनी। अधिकारीगणों से संबंधित विभाग प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों को आवेदकों के आवेदन सौंपकर जल्द ही निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए। अधिकारियों ने विभाग प्रमुखों से कहा कि इन आवेदकों को अब दौबारा जनसुनवाई में न आना पड़े, ऐसी व्यवस्था या निराकरण समस्या का करवाया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं लिपिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## हार्टअटैक के चलते 52 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**सारंगपुर।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तेज गर्मी एवं उमस से लोगों का हाल बेहाल है। जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में गर्मी व उमस के कारण लोगों में घबराहट और बेचैनी महसूस हो रही है। साथ ही हार्ट अटैक की संभावना भी बढ़ गई है। मंगलवार को समीपस्थ ग्राम दिगवाड में 52 वर्षीय व्यक्ति की हार्ट अटैक के चलते मौत हो गई। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतर सिंह पिता सूरज सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी डीगवाड सोमवार रात को अपने घर सो और मंगलवार को लगभग सुबह 4 बजे उठकर पानी पीकर वापस सो गए जब सुबह होने पर परिजनों ने उनको जगाया तो वह उठे नहीं परिजन तत्काल उनको सिविल अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोशित कर दिया। डांक्टर ने शव का पीएम करा कर परिजनों को सौंपा।

## थाने के सामने गदर करने वाले आरोपियों का निकाला जुलूस

### सोमवार को पुलिस की समझाइश के बाद भी एक युवक से की थी मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

चोपड़ा हनुमान मंदिर की भूमि पर कब्जे के मामले में थाने में शिकायत लेकर पहुंचे समिति सदस्यों के साथ थाने के बाहर ही मारपीट करने वाले आरोपियों का मंगलवार को पुलिस ने शहर में जुलूस निकालते हुए कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

बाजार से निकले आरोपियों के जुलूस के दौरान आरोपी गुंडागर्दी पाप है पुलिस हमारे बाप है के नारे भी लगा रहे थे। जानकारी के अनुसार पिछले करीब एक माह से चोपड़ा हनुमान मंदिर परिसर के भूखंड पर तार फेंसिंग का विवाद गर्माया हुआ था। दोनों पक्ष मामले को लेकर अपना-अपना दावा पेश कर रहे थे इसी बीच मंदिर समिति के सदस्यों के आरोप थे कि परिसर के भूखंड पर कब्जा करने वाले तत्वों उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसी बात को लेकर सोमवार को मंदिर समिति के सदस्य थाने पर ज्ञापन देने पहुंचे थे। लेकिन इन सदस्यों के थाने से बाहर निकलते ही कुछ आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। जिसमें एक युवक अंकित सक्सेना को सिर में गंभीर चोट आई थी।

मामले में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए आरोपियों को तुरंत अपने हिरासत में ले लिया था। देर रात फरियादी युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने दस आरोपी वीरेंद्र सिंह पवार, अभिषेक वर्मा, दीपक वर्मा, बबलू वर्मा, सुनील वर्मा, विजय वर्मा, संदीप वर्मा, रूप सिंह, मोहर सिंह, युवराज सिंह पर धारा 294 ,323, 506, 308, 341, 120इ 34 में मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया।

### अतिक्रमण हटाने व तलाई की भराई को लेकर सौंपा ज्ञापन

**खुजनेर।** धुआखेड़ी के ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्राथमिक स्कूल के पास एक समतल तलाईया एवं गड्ढे है जिस पर लोगों ने अतिक्राण कर रखा है। वहां पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। अब बारिश का समय आ गया है। जिससे गड्ढे में बारिश का पानी भरा जायेगा। बारिश के समय स्कूल के बच्चो का डर बन रहा है कि कही बच्चे गड्ढे में न चला जाये जिससे कोई घटना हो जाये। और स्कूल में रोडीयो से गंदी गंदी बदबू आती है। जिससे बच्चे स्कूल में बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते है आप से निवेदन है। कि ग्राम पंचायत द्वारा अवैध अतिकमाण हटावा कर। गड्ढों कि भराई कराई जाये जिससे कोई घटना भविष्य में न हो इस दौरान पूनमचंद भिलाला, प्रकाश भिलाला, देवनारायण भिलाला, मुकेश भिलाला, गोविंद भिलाला, जगदीश भिलाला,आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## ब्राह्मण समाज प्रतिनिधिमंडल ने किया प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**राजगढ़।** जिले के सर्व ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष पंडित ओपी शर्मा के नेतृत्व में गत दिवस समाजजनों का एक प्रनिधिमंडल राजधानी पहुंचा। यहां सभी ने भाजपा प्रदेषाध्यक्ष वीडी शर्मा से भेंट करते हुए उनका स्वागत अभिनंदन करते हुए प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने पर सम्मानित किया।



इस अवसर पर समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश नागर, दिलीप शर्मा, प्रदीप उपाध्याय, स्वाधीन शर्मा सहित समाज के अनेकों लोग उपस्थित थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष ओपी शर्मा ने प्रदेशाध्यक्ष को जिले की विभिन्न आवश्यकताओं से अवगत कराया। इसके साथ ही राजगढ़ नगर में क्या कुछ और अच्छा किया जा सकता है, उन पहलुओं से अवगत कराते हुए कुछ प्रस्ताव भी वीडी शर्मा के सम्मुख रखे।

## प्रदेश स्तरीय कैरियर मार्गदर्शन और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**जीरापुर।** अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज द्वारा समाज की धर्मशाला में 10वीं व 12वीं के मेधावी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समाज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों को कैरियर मार्गदर्शन कि जानकारी दी गई। जिसमें उद्घाटन सत्र में समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री विधायक नारायणसिंह पवांर, हरिसिंह चौहान प्रदेश संगठन मंत्री तारासिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष कालू सिंह आलोट युवा प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान द्वारा किया गया। विषय विशेषज्ञों ने अपनी अपनी विषयवार जानकारी दी। जिसमें प्रमुख रूप से प्रोफेसर दसरथी इंदौर गोकुल सिंह सिसोदिया इंदौर राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित सहित अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज के अधिकारी कर्मचारियों ने जानकारी देकर बच्चों का मार्गदर्शन करके उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत करने एवं समाज के हर युवा को हर क्षेत्र में पारंगत हो। छात्र-छात्राओं से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में प्रथम द्वितीय तृतीय आए छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार भी दिया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

## छापीडेम स्थित घाट पर गंगापूजन किया

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा जल एवं जल स्त्रोतों के साफ सफाई व संरक्षण के लिए प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश में नदी कुआ तालाब बावड़ी आदि जल स्त्रोतों को साफ स्वच्छ व गहरीकरण करना और इनका संरक्षण करना है तथा आम नागरिकों को भी इसके प्रति जागरूक करना है।



इस अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा उज्जैन में मां शिप्रा की भव्य आरती का आयोजन लाइव प्रसारण छापीडेम पर दिखाया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा छापीडेम घाट पर दीप पूजन कर मां गंगा की आरती की गई एवं उपस्थित जनप्रतिनिधि व परिषद सदस्यों द्वारा घाट पर दीप जलाए गए। इस कड़ी मे प्रातः नगर परिषद द्वारा नगर के गायत्री मंदिर परिसर में नगर की माता बहनों और आम नागरिकों के सहयोग से जल स्त्रोत एवं पीपल बेलपत्र आदि देव व्रक्षो का पूजन किया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए यज्ञ में आहुति देकर उपस्थित माता बहनों एवं नागरिकों को जल स्त्रोतों वृक्षों एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प दिलवाया गया।

## प्रत्येक पालक नियमित रूप से बच्चों को रोज शाला भेजें : नीलेश वर्मा

**सारंगपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 18 जून को प्रत्येक विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया जाना था। इसी क्रम में उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा की अध्यक्षता में एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सारंगपुर के विशेष आतिथ्य में प्रवेश उत्सव मनाया गया।



सर्वप्रथम मां शारदा की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी एल सूर्यवंशी ने प्रवेश उत्सव की पूरी रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासकीय विद्यालय में निशुल्क गणवेश निशुल्क पुस्तक साइकिल छात्रवृत्ति स्कूटी आदि सुविधा प्रदान की जाती है ज्यादा से ज्यादा बच्चों का प्रवेश शासकीय विद्यालय में कराकर शासकीय योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि वर्मा ने कहा कि बेटा हो या बेटी सभी को स्कूल भेज कर नियमित रूप से अध्यापन कार्य कराना चाहिए। जब तक आप नियमित रूप से शाला उपस्थित नहीं होंगे तब तक अध्यापन कार्य संभव नहीं है इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को समय से विद्यालय आना चाहिए कार्यक्रम के मध्य में बच्चों को तिलक लगाकर माला पहनकर पुस्तक वितरण की गई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरसिंह शर्मा ममता जाधव तृप्ति पंचोली दीपक सोलंकी राहुल मालवीय जगदीश शर्मा सविता लववंशी इंदिरा कुशवाहा सुनीता पांडे रजनी व्यास शोभा गुप्ता सतीश विजयवर्गी एजाज अंसारी मनीष श्रीवास्तव संतोष मालवीय आदि उपस्थित थे।

### ग्रीष्मावकाश उपरांत विधिवत आरंभ हुआ नवीन शैक्षणिक सत्र

# प्रवेशोत्सवः भाल पर तिलक लगाकर नव प्रवेशित बच्चों का अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लगभग दो माह के ग्रीष्मावकाश उपरान्त जिले की सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में मंगलवार से नवीन शिक्षण सत्र की विधिवत शुरूआत हो गई। नवीन सत्र के आरंभ में सभी स्कूलों में एक पर्व की तरह मनाया गया। इस दौरान शाला पहुंचे पूर्व एवं नए छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं हार-माला पहनाकर उनका स्वागत, अभिनंदन किया गया। न केवल शहरी बल्कि सभी ग्रामीण स्कूलों में बच्चों के रुचिकर आयोजन हुए वहीं शिक्षकों द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को प्यार-दुलार के साथ शाला में होने वाले पठन-पाठन, पर्यावरणीय क्रिया-कलापों, साल में होने वाले विभिन्न खेल गतिविधियों व शैक्षणिक रूप से उपलब्ध सभी सामग्री की जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही बच्चों को स्कूलों में भी घर जैसा वातावरण लगे, इस तरह के प्रयास सभी शालाओं में किए गए।

### उत्कृष्ट स्कूल में हुआ जिला स्तरीय आयोजन

नवीन सत्र के आरंभ पर स्थानीय उत्कृष्ट स्कूल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिलाधीष हर्ष दीक्शित भी पहुंचे। यहां उन्होंने बड़ी शालाओं के बच्चों को संबोधित करते हुए पढ़ाई को रुचिकर बनाने वाले टिप्स बच्चों को प्रदान किए। कलेक्टर ने शिक्षकों को भी निर्देशित किया कि पढ़ाई का तरीका कुछ इस तरह का होना चाहिए कि बच्चों को तनिक भी बोझिल न लगे। इस तरह हम शैक्षणिक मापदण्डों को पूर्ण करते हुए बेहतर से बेहतर रिजल्ट दे पाएंगे।

### विधायक ने तिलक लगाकर और पुस्तकें बांटकर मनाया प्रवेशोत्सव



**ब्यावरा।** राजगढ़ में उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान 2024 के तहत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर हार फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक अमर सिंह यादव ने पुस्तक वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बच्चों के बीच बोलते हुए उन्होने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अब हमारा मध्य प्रदेश आगे बढ़ रहा है ।राजगढ़ जिले से होनहार बच्चे अच्छे-अच्छे अंक ला रहे हैं यह सब शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित हो रहा है। हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो, हम इनके सपनों में नए रंग भरें, यही हमारा प्रयास है। कार्यक्रम में जिलाधीश हर्ष दीक्षित, जिला शिक्षा अधिकारी सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

## नानाखेड़ी में नपाध्यक्ष का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

नानाखेड़ी में खाटू श्याम मंदिर के पास सीमेंट का कंक्रीट रोड निर्माण होने तथा पेयजल समस्या के निराकरण हेतु नलकूप खनन कराये जाने पर खाटू श्याम समाज एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता,भाजपा नेता अरविंद गुप्ता ,सीएमओ तेज सिंह यादव का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। खाटू श्याम समाज कल्याण समिति नानाखेड़ी के श्री सोनू कुशवाह, मदन लाल मीणा ,सुनील साहू ,अमित ओझा, अमर सिंह परिहार, रोशन प्रजापति, सोनू कुशवाह, वीरेंद्र कुशवाह, मोहन सिंह कुशवाह, सत्य प्रकाश शर्मा सुरेश ठेकेदार, द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता भाजपा नेता एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद को आमंत्रित कर सीमेंट कांक्रीट रोड बनाए जाने पर खाटू श्याम मंदिर पर पुष्प हार भेंट कर एवं साल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा शहर में कराये जा रहे कार्यों की सराहना की एवं वार्ड क्रमांक एक की समस्याओं का त्वरित निदान करने पर बधाई दी है। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद प्रतिनिधि गेंदालाल कुशवाह, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद प्रतिनिधि ी राजेश साहू, पत्रकार आंनद लोढ़ा आदि उपस्थित हुए।



### गुना तहसील अंतर्गत तेज आंधी और बारिश के कारण हुई क्षति पर पीड़ितों को आर्थिक सहायता के लिए तैयार कराए प्रकरण

**गुना।** मंगलवार को प्री-मॉनसून के दौरान आई तेज आंधी और बारिश के कारण हुयी क्षति पर पीड़ितों को आर्थिक सहायता के प्रकरण तैयार कराने के निर्देश कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा संबंधित राजस्व अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसके चलते गुना ग्रामीण तहसीलदार कमल मण्डेलिया द्वारा टीम सहित गुना तहसील के बिलौनिया गांव में मौके पर जाकर मुआयना किया और पीड़ित हितग्राहियों को आरबीसी 6(4) के अंतर्गत आर्थिक सहायता के प्रकरण तैयार कराने की कार्यवाही प्रारंभ की गई।